प्रेसनोट

भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद का 94 वां स्थापना दिवस का आयोजन

कृषि विज्ञान केन्द्र जावरा, रतलाम में भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद, नई दिल्ली के 94 वां स्थापना दिवस पर जिलें के विभिन्न प्रगतिशील किसानो की दोगुनी आय के संबंध में माननीय कृषि मंत्री श्री नरेन्द्र सिंह तोमर का सजीव प्रसारण केवीके परिसर पर किसानो को दिखाया गया। कार्यक्रम कें अंतर्गत संपूर्ण भारत के 75000 प्रगतिशील कृषको की दोगुनी आय से संबंधित सफलता की कहानी का प्रकाशन हुआ। कार्यक्रम में कृषि मंत्री श्री नरेंद्र सिंह तोमर, पशुपालन मंत्री श्री पुरुषोत्तम रुपाला, कृषि राज्य मंत्री श्री कैलाश चौधरी के द्वारा किसानों को मार्गदर्शन प्रदान किया गया। कार्यक्रम में कृषि अनुसंधान परिषद से महानिदेशक श्री त्रिलोचन महापात्रा तथा उप–महानिदेशक (कृषि प्रसार) श्री ए. के. सिंह जी द्वारा आई.सी.ए.आर. एवं कृषि विज्ञान केंद्र की उपलब्धियों पर चर्चा किया। माननीय कृषि मंत्री श्री नरेंद्र सिंह तोमर जी ने भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद के स्थापना दिवस पर आई.सी.ए.आर. के वैज्ञानिकों को एवं किसानों के दोगुनी आमदनी हेतु किए प्रयासों के लिए कृषि विज्ञान केंद्र के वैज्ञानिकों को बधाई एवं शुभकामनाएं दी।

केवीके के प्रमुख डॉ. सर्वेश त्रिपाठी, वरष्ठि वैज्ञानिक एवं प्रमुख ने दीप प्रज्जवलित करके भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद के 94 वां स्थापना दिवस पर शुभकामनाएं प्रेषित कर केवीके की प्रमुख गतिविधियों से किसानो को अवगत कराया। उक्त कार्यक्रम में लगभग 90 कृषको सहित केवीके के समस्त स्टॉफ ने महत्वपूर्ण भागीदारी निभाई। स्थापना दिवस के अवसर पर कृषि विज्ञान केंद्र जावरा द्वारा किसानों को नेपियर घास एवं पशुओं के लिए मिनरल मिक्सचर प्रदान किया गया। केवीके जावरा द्वारा संचालित निकरा परियोजना अंतर्गत कस्टम हायरिंग सेन्टर के लिए कृषको हेतु व्हील हो (निंदाई यंत्र) प्रदान किया गया ।